आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 13.01.2026   समय : 18.30 पीएम

- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के तालमेल का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताया– कहा – पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का माकूल जवाब दिया जाएगां
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद कियां
- केंद्रीय लघु उद्योग राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा –भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगीं
- प्रदेश में मकर संक्रांति मनाने के लिए बाजारों में रौनक–लोगों में पतंग उड़ाने को लेकर भारी उत्साहं

000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का सबसे अच्छा उदाहरण थां इसमें कार्रवाई करने और जवाब देने की पूरी आज़ादी थीं उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और दुश्मन की किसी भी नापाक हरकत का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जाएगां नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद निर्णायक कार्रवाई करने का स्पष्ट फैसला लिया गया थां सेना प्रमुख ने कहा कि सशस्त्र बलों ने नौ में से सात लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया और पाकिस्तान की कार्रवाई का संतुलित जवाब सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा नहीं हो सकतां आज जयपुर में बजट पूर्व संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं, इसलिए राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को अपनी नीतियों का केंद्र बनाया हैं मुख्यमंत्री ने बताया कि 'लाडो प्रोत्साहन योजना' और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला हैं उन्होंने आश्वस्त किया कि महिलाओं द्वारा दिए गए स्वरोजगार, सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े सुझावों को आगामी बजट में प्राथमिकता दी जाएगीं इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहीं

000

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि राज्य सरकार का प्रयास आगामी बजट को सर्व–समावेशी बनाने का है ताकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का हित सुरक्षित रहें आज डीग में बजट पूर्व संवाद के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की और जल

जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन और सड़क मरम्मत के काम गुणवत्ता के साथ पूरे करने के निर्देश दिएं श्री रावत ने स्पष्ट किया कि आमजन और विभिन्न वर्गों से बजट के लिये मिले सुझावों को राज्य सरकार तक पहुँचाया जाएगां

..................

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी कानून हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पहले के 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के वेतन वाली रोज़गार की गारंटी देता हैं नई दिल्ली में आज विकसित भारत जी–राम–जी पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह योजना बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान कृषि मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल 60 दिनों की बिना काम की अवधि भी प्रदान करती हैं उधर केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज खैरथल में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाई गई वी.बी जी–राम–जी योजना ग्राम विकास का आधार बनेगीं

................

आज चित्तौडगढ़ में सांसद सी.पी. जोशी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वीबी जी–राम–जी योजना में मॉनिटरिंग जीयो टेगिंग सिस्टम से की जाएगी जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगां

000

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगीं आज जयपुर के उद्योग भवन में 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि के बाद यह क्षेत्र देश में रोजगार उपलब्ध कराने का सबसे बड़ा माध्यम हैं श्रीमती करंदलाजे ने अधिकारियों को केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिएं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे रही हैं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सकें

...............

केंद्रीय राज्य मंत्री कल जयपुर में ही नए श्रम कानूनों की भी समीक्षा करेंगीं

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि शिक्षा जीवन में बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है और विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ अपने चरित्र का विकास भी करना चाहिएं आज डीडवाना में श्री बांगड़ महिला महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने बालिकाओं से तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ने का आह्वान कियां बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की आर्थिक उन्नति से ही देश का विकास संभव हैं

.................

समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी शिरकत कीं उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रही हैं इस अवसर पर राज्यपाल ने मेधावी छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान कीं इससे पूर्व श्री बागडे ने पंडित बच्छराज व्यास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कियां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अपने निवास पर डूंगरपुर के युवाओं से मुलाकात कीं उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका जरूरी हैं मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार आदिवासियों और युवाओं के लिए काम कर रही हैं उन्होंने जानकारी दी कि पिछले दो सालों में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है और अन्य पदों पर भर्ती चल रही हैं

उन्होंने कहा कि अब राज्य में परीक्षाएं बिना पेपरलीक के हो रही हैं मुख्यमंत्री ने युवाओं को कौशल सीखने, तकनीक अपनाने और नशे से दूर रहने की सलाह दीं उन्होंने यह भी बताया कि बेणेश्वर धाम में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और निवेश सम्मेलनों के जरिए क्षेत्र में रोजगार के नए मौके बनाए जाएंगें

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों से अपना वार्षिक सत्यापन शीघ्र कराने की अपील की हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति की पेंशन बंद नहीं की गई है, बल्कि केवल सत्यापन न होने के कारण रोकी गई हैं सत्यापन प्रक्रिया पूरी होते ही रुकी हुई राशि का भुगतान फिर शुरू हो जाएगां श्री गहलोत ने बताया कि पेंशनर्स घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से अपना चेहरा दिखाकर सत्यापन कर सकते हैं इसके अलावा ई–मित्र केंद्रों पर अंगूठे के निशान यानि बायोमेट्रिक्स के जरिए भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती हैं उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी पात्र लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के नियमित पेंशन उपलब्ध कराना हैं

000

राज्य में लोहड़ी पर्व आज हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा हैं यह पर्व फसलों के पकने की खुशी और सुख–समृद्धि का प्रतीक हैं शाम ढलते ही सिंधी और सिख समाज सहित विभिन्न वर्गों द्वारा पारंपरिक अलाव जलाकर पूजा–अर्चना की जा रही हैं जयपुर के राजापार्क क्षेत्र में लोग समूहों में इकट्ठे होकर लोहड़ी मना रहे हैं भरतपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में लोगों ने अग्नि की परिक्रमा कर उसमें तिल, गुड़ और अनाज अर्पित किएं इस अवसर पर सामूहिक भोज और लोहड़ी के पारंपरिक गीतों के साथ खुशियां साझा की जा रही हैं

इस बीच मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश भर के बाजारों में भारी रौनक छाई हुई हैं मारवाड़ से लेकर वागड़ तक उत्सव और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा हैं डूंगरपुर के सागवाड़ा में 50 वर्षों से चली आ रही अनूठी परंपरा के तहत विभिन्न समाजों ने मिलकर

गौ–माता के लिए विशेष 'गौ–ग्रास' तैयार कियां इसके लिए शुद्ध घी, गुड़ और आटे से रोटियां बनाई गई हैं, जिन्हें कल संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धा भाव से गौ–वंश को खिलाया जाएगां पाली के बाजारों में तिल–गुड़ के लड्डू और गजक की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ रहीं वहीं कोटपूतली–बहरोड़ में युवा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग दिख रहे हैं और प्लास्टिक की जगह कागज की पतंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं

...............

..............

000

प्रदेश में आज भी उत्तरी जिलों सहित कई स्थानों पर शीतलहर का असर रहां वहीं चित्तौडगढ और उदयपुर सहित अन्य जिलों में घना कोहरा छाया रहां इससे कई इलाकों में विजिबलिटी घटकर 50 मीटर तक रह गईं आज सबसे कम 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ करौली सबसे सर्द रहां अलवर, दौसा, श्रीगंगानगर में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआं तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर सहित 8 जिलों में 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आज भी छुट्टी रहीं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 7 जिलों के लिए शीतलहर का यैलो अलर्ट जारी किया हैं वहीं कल 6 ज़िलों में शीतलहर का यैलो अलर्ट हैं हालांकि विभाग ने 15 जनवरी से तापमान में बढोतरी की संभावना जतायी हैं इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं, जिसके असर से कुछ जिलों में पाला पडने की आशंका हैं

0000